हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
PAGE NO : 07 TOP

# बासुबरल और विद्या वर्ल्ड में होगा खिताबी मुकाबला

## क्रिकेट टूर्नामेंट

बरेली, मुख्य संवाददाता। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में बासुबरल स्कूल और विद्या वर्ल्ड स्कूल ने प्रवेश कर लिया है। एसआरएमएस स्टेडियम में शनिवार को दोनों टीमों में सुबह आठ बजे से मुकाबला खेला जाएगा।

शुक्रवार को पहले सेमीफाइनल मैच में बासुबरल सरस्वती स्कूल ने एसआर इंटरनेशनल को छह विकेट से हराया, जबकि विद्या वर्ल्ड ने नेशनल पब्लिक स्कूल पर नौ विकेट से जीत दर्ज की। पहले सेमीफाइनल में तीन खिलाड़ियों को आउट करने वाले बासुबरल के शाहिद सैफी को मैन आफ द मैच चुना गया। दूसरे सेमीफाइनल में दो ओवर में पांच विकेट लेने वाले विद्या वर्ल्ड के लकी मैन आफ द मैच बने। विद्या वर्ल्ड चौथी बार क्रिकेट टूर्नामेंट की ट्राफी हासिल करने का प्रयास करेगा तो बासुबरल की टीम पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में खेलेगी।

## फुटबॉलः आर्मी पब्लिक स्कूल और डीपीएस में फाइनल आज

बरेली। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल मे आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग और डीपीएस ने प्रवेश किया है। फाइनल मुकाबला शनिवार को खेला जाएगा। शुक्रवार को एसआरएमएस के मैदान पर हुए पहले सेमी फाइनल मे आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग ने बिशप चाइल्ड केयर को 5-0 से हराया। डीपीएस की टीम ने एयर फोर्स स्कूल की टीम को 2-0 से हरा कर फाइनल में जगह सुरक्षित की। एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति, जिला फुटबाल संघ के सचिव मून राबिंसन, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह देवलिया, आयोजन सचिव डॉ. सोवन मोहंती, नितिन सक्सेना, शंकरपाल, कामरान असरफ, एसपी सिंह, रेफरी सीके यादव, संजय कुशवाहा, प्रमोद पंत, महेश चंद्र, निष्कर्ष सिंह कंडारी मौजूद रहे।